महोबा पुलिस

दिनांक- 03.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 975/26

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 03.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 03.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 974/26

महोबा पुलिस

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने मंगलवार परेड के उपरांत पुलिस लाइन का किया निरीक्षण, विभिन्न शाखाओं एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अनुशासन बनाए रखने हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने, पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने तथा पुलिसकर्मियों में अनुशासन एवं कार्यकुशलता बनाए रखने के उद्देश्य से समय-समय पर निरीक्षण एवं समीक्षा की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 03.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा मंगलवार परेड के उपरांत पुलिस लाइन महोबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिवहन शाखा, मेस, कैंटीन, आरओ सहित पुलिस लाइन की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्ड एवं आदेश कक्ष का निरीक्षण कर वहां रखे गए अभिलेखों एवं विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, आवश्यक प्रविष्टियों को अद्यतन रखने तथा कार्यालयीन कार्यों का समयबद्ध एवं नियमानुसार संपादन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित बनाए रखने, साफ-सफाई एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने तथा पुलिसकर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ करते हुए उच्च कोटि का अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा पुलिस बल में अनुशासन, कार्यकुशलता एवं कर्तव्यनिष्ठा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।





दिनांक- 03.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 976/26

महोबा पुलिस

सर्किल नगर थाना कोतवाली नगर

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आज दिनांक 03.11.2026 को न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

उपनिरीक्षक शाहजहाँ अली मय हमराह कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार द्वारा मु0नं0 600018/13, धारा 294/504 भा.दं.वि. से संबंधित वारण्टी अभियुक्त अनीश अहमद पुत्र बसीर अहमद, उम्र करीब 48 वर्ष, निवासी मोहल्ला समद नगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:

अनीश अहमद पुत्र बसीर अहमद, उम्र करीब 48 वर्ष, निवासी मोहल्ला समद नगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:

1. उ0नि0 शाहजहाँ अली
2. कां0 नरेन्द्र कुमार

